

### International Asteroid Day

While it is unclear exactly how long asteroids have been floating around in the solar system, scientists believe that they go back tens of millions of years. They can range from small to large, 10 meters across to more than 500 meters across. Explore the mysteries of space rocks hurtling through the galaxy, with the potential to unlock secrets of our universe! Raise public awareness and educate people about the opportunities and risks presented by asteroids. The goal is to inform the public regarding various actions and efforts that should take place in case the need should arise.

राष्ट्रदूत
SUNDAY
30 June 2024
A-B

#CAMPING

# How to Build a Cooking Fire

Here's how to get your campfire's flames fine-tuned for outdoor cooking



The heart of any weekend spent 'camping' is undeniably 'the *fire*.' It's where you gather, where you share stories and evenings under the stars with hearty outdoor-ready food and a drink in hand. But to get cooking while you're outside, you'll need a fire burning, and a good cooking fire begins with building a classic campfire. Remember, it takes time to build heat when you're working with a campfire. You'll want to start prepping your fire early so that it can reach the right temperature, and generate the right balance of heat, when you're ready to cook. Follow these steps to successfully build, manage, and extinguish your cooking fire.

**1. Gather Your Materials**

**At** least one hour before cooking, create a teepee of kindling over tinder or a wadded up newspaper, ensuring ample space for air to circulate.

**2. Light a Flame**

**Light** the newspaper and, while gently blowing on the flame, slowly add larger kindling, working up to full-size logs.

**3. Get Your Grate in Place**

**Meanwhile,** arrange flat rocks to one side of the fire for the grate to sit on. Scoop glowing coals under the grate and use tongs to arrange them.

**4. Monitor Flames and Heat as You Cook**

**Note** hot spots, for accurate cooking temperatures.



## Key Cooking Fire-Safety Tips

In addition to keeping an eye on how your food cooks, it's absolutely critical to practice fire safety at your campsite. An open fire can quickly become a concern, if not watched carefully.

First and foremost, you should only start fires in approved areas under safe weather conditions. Dry or windy conditions can be unexpectedly hazardous. Stray sparks can easily ignite a forest fire. You should also check if there are any fire restrictions in place where you're camped out before planning or prepping your cooking fire.

While your fire is burning, keep it under control and make sure that its flames aren't left unattended.

And always extinguish fires when cooking is complete. Before walking away from your cooking fire, extinguish it thoroughly and pour enough water over top to drown the embers. You can also test the pit and debris for heat using the back of your hand. If it's cool, you're safe to walk away.





# Living Really

# *Yeh zindagi hai qaum ki...*



Nazir And President of Ind ia, Dr. Rajendra Prasad.



Nazir Hussain

At an award ceremony, Nazir met the then President of India, Dr. Rajendra Prasad. In the course of their conversation, when the President learnt of his Ghazipur roots, he said, "You still speak flawless *Bhojpuri*. Why don't you make a film in that language?" Perhaps, he was thinking of the vast number of expatriates working as coolie in the British colonies, far away from India. The words made a deep impression on Nazir *Saheb*. So, in 1962, at the cost of Rs. 5 lakh, was made *Ganga Maiyya Tohe Piyari Chadhaibo/ Mother Ganges, I Bow to You*. Based on a story scripted by Nazir Hussain, it featured Kumkum and Aseem Kumar. The songs from the film, written by Shailendra, set to music by Chitragupt and rendered by Lata Mangeshkar and Mohammed Rafi, were on every lips, even in Mumbai.



*Ganga Maiyya Tohe Piyari Chadhaibo.*



Guru Dutt, Nazir Hussain and Waheeda Rehman in *Sahib Bibi Aur Ghulam.*



Ratnottama Sengupta

Nazir Hussain's experiences with INA were a source of great courage for them all. But his 'Nabendu Da' would listen to him with deep attention and, from time to time, he would take notes. He had started writing even while in school and, as a college student, was published in Bengal's popular magazines. When *Daak Diye Jaai*, set against the Quit India movement of 1942, got published, it carved a permanent place for him in *Bengali* literature. The novel's anti-British tenor had marked him as a 'seditious writer' in the eyes of the Imperialist rulers, and led to his resignation from two government jobs in Patna before coming to Kolkata, to live by the pen. Immensely inspired by Nazir's stories, the patriotic writer promised his actor friend that he would shape the memoirs as a novel.

Meanwhile, before work could resume on *Maa*, Bimal Roy got an offer to direct *Baap Beti*, from a story by Nabendu, for producer S.H. Munshi, and *Parineeta*, based on the Sarat Chandra classic, produced by Ashok Kumar. Soon, he floated Bimal Roy Productions with *Do Bigha Zamin*. His team was bolstered by the presence of cinematographers, Kamal Bose and Dilip Gupta, music composer, Salil Chowdhury, art director, Sudhendu Bose. Every inmate of Van Vihar was involved in various capacities and there was no looking back for any of them.



Nabendu Ghosh.



Bimal Roy with Ranjan, Tabassum, the actors of *Baap Beti* and Rinki Roy.

## #NAZIR HUSSAIN

### *Yeh zindagi hai qaum ki...* Life belongs to the Land...



In Bimal Roy's Do Bigha Zameen: (Left) Nazir Hussain, Balraj Sahani, Master Rattan and Rajlakshmi Devi (Right) Nabendu Ghosh in a cameo with Rajlakshmi Devi

Nabendu was his Bimal da's pen soldier, scripting all the films that turned him into a legend. Starting with *Maa*, going on to *Baap Beti*, *Parineeta*, *Biraj Bahu*, *Devdas*, *Yahudi*, their crescendo rose to a finale with *Sujata* and *Bandini*. Alongside, he was sought out by the most eminent directors of the time to write for them. This galaxy comprised of names like Phani Majumdar, Vijay Bhatt, Gyan Mukherjee, Guru Dutt, Satyen Bose, Raj Khosla, Sushil Majumdar, Lekh Tandon, Asit Sen, Shakti Samanta, Mohan Segal, Basu Bhattacharya, and of course, Hrishikesh Mukherjee. This resulted in the creation of *Baadbaan*, *Shatranj*, *Insaan Jaag Utha*, *Aar Paar*, *Lal Patthar*, *Sharafat*, *Teesri Kasam*, *Abhimaan*, multiple titles that made the Bombay-based film industry the most robust after Hollywood (resulting in the coining of the term Bollywood).

When, at the untimely age of 56, Bimal Roy succumbed to cancer, Nabendu joined the Film and Television Institute of India (FTII) as a guest lecturer. Simultaneously, he was invited to preside over the script committee of the National Film Development Corporation (NFDC). He thus proved instrumental in flagging off the career of many a torchbearer of the next generation filmmakers like Kumar Shahani, Vikas Desai, Hariharan, Girish Kasaravalli, Syed Mirza, Ketan Mehta, Kundan Shah, Ravi Ojha. Eventually, with *Trishagni*, he himself wore the mantle of director. On the other hand, at an award ceremony, Nazir met the then President of India, Dr. Rajendra Prasad. In the course of their conversation, when the President learnt of his Ghazipur roots, he said, "You still speak flawless *Bhojpuri*. Why don't you make a film in that language?" Perhaps, he was thinking of the vast number of expatriates working as coolie in the British colonies, far away from India.

The words made a deep impression on Nazir *Saheb*. So, in 1962, at the cost of Rs. 5 lakh, was made *Ganga Maiyya Tohe Piyari Chadhaibo/ Mother Ganges, I Bow to You*. Based on a story scripted by Nazir Hussain, it featured Kumkum and Aseem Kumar. The songs from the film, written by Shailendra, set to music by Chitragupt and rendered by Lata Mangeshkar and Mohammed Rafi, were on every lips, even in Mumbai.

The story highlighting the issue of 'widow remarriage' proved so successful that Nazir *Chacha* took on the mantle of a producer. The next release was *Hamaar Sansar/ My World*. Producing films in a language spoken mostly in Eastern UP and Bihar wasn't as simple as it sounds. "It is easy to make a Hindi film," he would say. "Often they are a hotchpotch. You get away with the sprinkling of night clubs and mini skirts. If you make a film in Bhojpuri language, it must have the flavour of the soil. Fidelity to the routines of households. Rituals of every festival observed in the region." And he understood that entertainment could only be the sugar coating here. "Social reform has to be the core purpose of these films, which would be viewed even by those toiling away in Guyana, Trinidad and Tobago, Fiji, Mauritius, Surinam," he would repeat.

In 1979 came *Balam Pardesia/ My Beloved Migrant* and spelt the beginning of *Bhojpuri films* as an industry. But the films that Nazir Hussain produced were quite distinct from the formulaic social drama that was routine then, and also from the entertainers, who became the mainstay of the subsequent 2000 crore, 100 films per annum entertainment industry. Initiated into films by a maestro like Bimal Roy, the actor-writer-director too focused attention towards social inequality, dowry system, exploitation of farmers, and corrupt industrialists. Did he empathise with the sufferers in the course of enacting a poor family retainer, a troubled rickshaw puller, or the father of a bride who has to cough up a hefty dowry?

## *Tu qaum pe lutaye jaa...* Lay it down for the land...

Years went by. In 1966, Bimal Roy passed away, prematurely. It was a matter of time before the inevitable rule of nature claimed even the champions mentored by him. Ritwik Ghatak (1976), Paul Mahendra (early 1970s), Salil Chowdhury (1995), Kamal Bose (1995), Dilip Gupta (1999), Basu Bhattacharya (1997), Sudhendu Roy (1999), Asit Sen (2001), and Nazir Hussain (2002) travelled into eternity. Hrishikesh Mukherjee, too, breathed his last after winning the *Dadasaheb Phalke Award*, the highest honour for cinema in India.

Only Nabendu Ghosh remained, writing till the ripe age of 90. And, to do that he shifted back to Kolkata, along with his spotless white *dhoti-kurtas* and the yellow-with-time pages, on which he had jotted the stories heard from Nazir Hussain. For, though the paper had turned brittle, the writer's resolve to salute the soldiers of INA and their commitment to Subhash Chandra Bose remained as firm as it was when he had heard about *Netaji's* death in 1945. The only ones to stay on in Malad were Nazir's son Mumtaz and Asit Sen's son Abhijit in Van Vihar, and Nabendu's son Subhankar in Pushpa Colony on the other side of the railway lines.

Precisely 62 years later, in August 2007, Nabendu completed his autobiography *Eka Naukar Jatri/ Journey of a Lonesome Boat*. But his churning of past memories did not end with that. He searched for every bit of paper on which he had jotted down some incident from the narrative of Nazir *Bhai* and sat down to fulfil that promise to himself. Two months later, he handed me a file, written on which was the title, '*Kadam Kadam*.' Two weeks later, he was hospitalised, never to recover. However, when he breathed his last on December 15, 2007, he felt freer that he had succeeded in posting the flag of India's march towards freedom, much like *Pehla Aadmi*.

**Concluded.**

rajeshsharma1049@gmail.com




*Kadam Kadam* is a novel written in Bengali by Nabendu Ghosh based on Nazir Hussain's experiences in the INA under Netaji's leadership, waging the war for India's freedom. The book's cover carries a photo of the marching INA soldiers.

#SHIPWRECK

# Titanic Decay

The world's most famous shipwreck has been revealed as never seen before





The first full-sized digital scan of the *Titanic*, which lies 3,800 m (12,500 ft) down in the Atlantic, has been created using deep-sea mapping. It provides a unique 3D view of the entire ship, enabling it to be seen as if the water has been drained away.

The hope is that this will shed new light on exactly what happened to the liner, which sank in 1912.

More than 1,500 people died when the ship struck an iceberg on its maiden voyage from Southampton to New York.

"There are still questions, basic questions, that need to be answered about the ship," Parks Stephenson, a Titanic analyst said.

He said the model was 'one of the first major steps to driving the *Titanic story* towards evidence-based research, and not speculation.' The Titanic has been extensively explored since the wreck was discovered in 1985. But it's so huge that in the gloom of the deep, cameras can only ever show us tantalizing snapshots of the decaying ship, never the whole thing.

The new scan captures the wreck in its entirety, revealing a complete view of the Titanic. It lies in two parts, with the bow and the stern separated by about 800 m (2,600 ft). A huge debris field surrounds the broken vessel.

The scan was carried out in summer 2022 by Magellan Ltd., a deep-sea mapping company, and Atlantic Productions, who are making a documentary about the project. Submersibles, remotely controlled by a team on board a specialist ship, spent more than 200 hours surveying the length and breadth of the wreck. They took more than 700,000 images from every angle, creating an exact 3D reconstruction.



Magellan's Gerhard Seiffert, who led the planning for the expedition, said that it was the largest underwater scanning project that he'd ever undertaken. "The depth of it, almost 4,000 m, represents a challenge, and you have currents at the site, too, and we're not allowed to touch anything so as not to damage the wreck," he explained.

"And the other challenge is that you have to map every square centimeter, even uninteresting parts, like on the debris field, you have to map mud, but you need this to fill in between all these interesting objects."

The scan shows both the scale of the ship, as well as some minute details, such as the serial number on one of the propellers.

The bow, now covered in stalactites of rust, is still instantly recognizable, even 100 years after the ship was lost. Sitting on top is the boat deck, where a gaping hole provides a glimpse into a void, where the grand staircase once stood.

The stern, though, is a chaotic mess of metal. This part of the ship collapsed as it corkscrewed into the sea floor. In the surrounding debris field, items are scattered, including ornate metalwork from the ship, statues and unopened champagne bottles. There are also personal possessions, including dozens of shoes resting on the sediment.

Parks Stephenson, who has studied the Titanic for many years, said that he was 'blown away,' when he first saw the scans.

"It allows you to see the wreck as you can never see it from a submersible, and you can see the wreck in its entirety, you can see it in context and perspective. And what it's showing you now is the true state of the wreck."

He said that studying the scans could offer new insight into what happened to the Titanic on that fateful night of 1912.

"We really don't understand the character of the collision with the iceberg. We don't even know if she hit it along the starboard side, as is shown in all the movies, she might have grounded on the iceberg," he explained.


"Studying the stern," he added, "could reveal the mechanics of how the ship struck the sea floor."

The sea is taking its toll on the wreck, microbes are eating away at it and parts are disintegrating. Historians are well aware that time is running out to fully understand the maritime disaster.

But the scan now freezes the wreck in time, and will allow experts to pore over every tiny detail. The hope is that the Titanic may yet give up its secrets.




## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



## तीन आरोपी गिरफ्तार

**टोंक/देवली, (निसं)।** पुलिस ने राहगीरों को रोककर लूट करने वाली गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में मुख्य तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। संजीव नैन, जिला पुलिस अधीक्षक टोंक ने बताया कि धर्मेन्द्र जाटव पुत्र रतनलाल जाटव निवासी होरिया पाडा तहसील मण्डरायल जिला करौली हाल कम्यूनिटी हैल्थ आफिसर सरकारी चिकित्सालय बड़ला जो गत 18 जून की देर शाम मोटरसाईकिल से रायपुर जिला ब्यावर से देवली आ रहा था, रास्ते में नेगड़ीया से देवली के बीच अज्ञात बाईक सवारों ने धर्मेन्द्र जाटव को अकेला देखकर मोटरसाइकिल का पीछा किया व सुनसान जगह पर मौका मिलते ही रोड पर गाड़ी आगे लगाकर परिवादी को रूकवा लिया व लाठियों से मारपीट करने का भय दिखाकर उसकी मोटरसाइकिल, जेब में रखे रूपये, मोबाइल लूट कर फरार हो गये, जिस पर थाना देवली में रिपोर्ट दर्ज की गई। वारदात की गम्भीरता को देखते हुए रामसिंह चौधरी वृताधिकारी वृत देवली व राजकुमार थानाधिकारी देवली के नेतृत्व में जिला साईबर सैल से राजेश गुर्जर व राजेश शर्मा व थाना देवली की विशेष टीम का गठन किया गया। जिस पर गंभीरता को देखते हुये साईबर सैल टीम द्वारा उक्त लूट की वारदात का खुलासा करने के लिये घटना से संबधित जानकारियां जुटाई, तरीका वारदात, सीसीटीवी फुटेज, टेक्निकल तथ्यों के आधार पर थाना देवली, नासिरदा, सावर, सरवाड़ आदि।

# सी.एम. के दौरे की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

## ईआरसीपी (ईस्ट राजस्थान केनाल प्रोजेक्ट) धन्यवाद कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का 1 जुलाई को विराटनगर के भांकरी में आगमन होगा

**कोटपूतली, पावटा।** सी.एम. भजनलाल शर्मा के ईआरसीपी योजना में कोटपूतली- विराटनगर क्षेत्र के तीन बडे बांधों छितोर्ली, जवानपुरा धाबाई एवं बुचारा बांध को जोडने पर प्रदेश के सीएम भजनलाल शर्मा का अभिनंदन एवं धन्यवाद कार्यक्रम को लेकर जिला कल्पना अग्रवाल ने पंचायत समिति पावटा में अधिकारियों को मुख्यमंत्री की उपस्थिति में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा से अवगत कराया गया तथा आवश्यक तैयारी के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने निर्देश दिए कि मुयमंत्री के कार्यक्रम में जिन अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं वह निष्ठा के साथ समय सीमा में अपने कार्य का निर्वहन करें।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर योगेश कुमार डागुर ने कहा कि कार्यक्रम में पेयजल, बैठक व्यवस्था, बेरीकेटिंग, सुरक्षा व्यवस्था, साज सज्जा इत्यादि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा उपखंड



पंचायत समिति पावटा में मुख्यमंत्री आगमन को लेकर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा से अधिकारियों को अवगत कराया ।

अधिकारों तहसीलदारों को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया इसके साथ ही सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को मुख्यालय पर उपस्थित रहने के निर्देश देते हुए सभी प्रकार के अवकाशों को निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को दिए गए दायित्वों को गंभीरता से लेने और यदि किसी भी अधिकारी को दिए गए दायित्व में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तुरंत उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाने के लिए कहा। इसके साथ ही सभी विभाग के अधिकारियों को अपने विभाग से संबंधित ब्रीफ नोट तैयार करने के लिए कहा इसके अतिरिक्त पीएचईडी विभाग को पेयजल व्यवस्था के लिए पर्याप्त टैंकरों की व्यवस्था करने, जेवीवीएनएल को सुरक्षा की दृष्टि से अनावश्यक विद्युत पोलों को शिट करने तथा झूलते बिजली के तारों को अंडरग्राउंड करने को कहा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को इमरजेंसी के लिए दवाइयां तथा आवश्यक मेडिकल स्टाफ नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग से सभी आवश्यक स्थान पर सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए उचित बेरीकेडिंग करवाने के साथ-साथ अन्य सभी जरूरी प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाएं करने के लिए निर्देश दिए। वही एएसपी नेमसिंह द्वारा कार्यक्रम स्थल पर बनाई जाने वाली पार्किंग के संबंध में पार्किंग में अच्छी माइक व्यवस्था तथा पेयजल व्यवस्था, कोई दुर्घटना नहीं हो, वाहनों का पुता रूट प्लान, ग्रीन रूम व्यवस्था आदि बिंदुओं पर निर्देश दिए।जिला जनसंपर्क अधिकारी को मीडिया के पास जारी करवाने के साथ ही व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए।

## सार-समाचार

### खेल मैदान पर लगेंगे ढाई हजार पौधे



**मालपुरा** (निस) मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के इंदोली व रतनपुरा के सरकारी स्कुल के खेल मैदान पर ढाई हजार पौधे लगाने का शिक्षकों ने दृढ निश्चय किया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इंदोली के प्रधानाचार्य रामूलाल जाट व मेट सीताराम मेघवंशी,गणेश जाट ने बताया कि अंधाधुंध हो रही पेडो की कटाई से जंगल नष्ट होने से ग्लोबल वार्मिंग का खतरा लगातार बढ रहा है। ऐसे मे पर्यावरण संरक्षण के लिये हर व्यक्ति को कम से कम पांच पौधे लगा उनके व्यस्क होने तक उनकी देखभाल व सुरक्षा का जिम्मा ले तो पुनः प्रकृति की छठा अपना रंग बिखेरेगी। शनिवार को दोनो सरकारी विद्यालयो के मैदान मे सघन वृक्षारोपण अभियान चला ढाई हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित कर मैदान मे गड्ढे खोदे गये। प्रधानाचार्य व स्टाफकर्मियो ने स्वंय श्रमिको के साथ गेंती व पावडा चला पौधो के लिये गड्डे खोदे गये।

### किसान सम्मान निधि कार्यक्रम आज

**कोटपूतली।** जिले में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 30 जून, रविवार को किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर योगेश कुमार डागुर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन जिला स्तर, उपखंड स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से किया जाएगा जिसमें राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी किसानों से संवाद करेंगे। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन 30 जून, रविवार को राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपुतली में दोपहर 12 बजे से किया जाएगा।

### सी.एम. भजनलाल शर्मा आज टोंक में

**टोंक।** राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा रविवार, 30 जून को टोंक आएंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री शर्मा प्रातः 11:30 बजे जयपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर प्रातः 11:50 पर खेल स्टेडियम हेलीपैड पर पहुंचेंगे। दोपहर 12 बजे कृषि उपज मंडी समिति टोंक में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि शुभारंभ समारोह में शामिल होंगे। इसके पश्चात हेलीकॉप्टर द्वारा जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### धार्मिक स्थलों की यात्रा पूरी

**शाहपुरा ।** जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह की धर्मपत्नी भुवनेश्वरी देवी ने जयपुर ग्रामीण से राव राजेंद्र सिंह की जीत की मनोकामना पूरी होने पर कई धार्मिक स्थलों की यात्रा की। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया सह प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि महारानी भुवनेश्वरी देवी ने बद्रीनाथ, केदारनाथ, ऋषिकेश, हरिद्वार सहित कई जगहों की धार्मिक यात्राएं की। हरिद्वार स्थित योगपीठ में बाबा रामदेव के दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली एवं उन्नति की प्रार्थना की तथा बाबा रामदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक यात्रा कार्यक्रम में शाहपुरा नगरपालिका पार्षद अमन खटाणा व अभिषेक खटाणा, आशुतोष शर्मा, आनंद सिंह नाथवत, अशोक गुर्जर आदि लोग मौजूद रहे।

## मधुमक्खी पालन केन्द्र को टोंक में रखने पर जोर

**टोंक ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मांग की है कि मधुमक्खी पालन उत्कृष्टता केन्द्र को टोंक में यथावत रखा जाये।

पायलट ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि टोंक के किसानों की वर्षों पुरानी मांग को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा वित् बजट में टोंक में मधुमक्खी पालन उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित किये जाने की घोषणा की गई थी, जिसे अब सरकार द्वारा भरतपुर शिफ्ट किये जाने की प्रक्रिया चल रही है।

पायलट ने कहा कि टोंक में मधुमक्खी पालन व्यवसाय की अपार संभावना है तथा इस केन्द्र के खुलने से टोंक जिले सहित आसपास के जिलों के किसानों एवं बेरोजगारों को बहुत लाभ मिलेगा।

पायलट ने कहा कि टोंक के किसान संगठन के पदाधिकारियों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग को ध्यान में रखते हुए मधुमक्खी पालन उत्कृष्टता केन्द्र को टोंक में यथावत रखा जाना चाहिए।

अपनी अभिशंषा पर गत वर्ष (23-24) की बजट घोषणा के अंतर्गत देवडावास (टोंक) में खुलवाए गए मधुमक्खी पालन उत्कृष्टता केंद्र को राज्य सरकार द्वारा भरतपुर स्थानांतरित करने का निर्णय बेहद दुर्भाग्यपूर्ण एवं राजनैतिक द्वेषता से प्रेरित है ।

इस क्रम में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर तत्काल उक्त आदेश को निरस्त कर मधुमक्खी पालन उत्कृष्टता केंद्र को यथावत देवड़ावास, टोंक में ही स्थापित रखने का अनुरोध किया है।

## प्रो. महालनोबिस की जयंती मनाई

**टोंक।** उप निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, टोंक में शनिवार को प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की 131वीं जयंती पर 18वां सांख्यिकी दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में उप निदेशक अशोक कुमार बंशीवाल ने कार्यक्रम में प्रो. पीसी महालनोबिस के जीवन परिचय एवं यूज ऑफ डाटा फॉर डेसिसियन मेकिंग के विषय पर सांख्यिकी के महत्व के बारे मे जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि सांख्यिकी, जीवनांक, मूल्य समंक, राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण, की तरफ कदम आदि विषयों पर भी चर्चा की गई।

इस दौरान ब्लॉक निवाई के सांख्यिकी अधिकारी राम सहाय मीणा ने पहचान पोर्टल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। टोडारायसिंह के सांख्यिकी अधिकारी आशुतोष खींची ने जन-आधार योजना तथा सांख्यिकी निरीक्षक डॉ. कोमल सोनी ने डाटा फॉर डेसिसियन मेकिंग स्टैटिक्स विषय पर विस्तार से बताया।

## गहलोत सरकार की योजनाओं पर कैंची चलाकर जनता के हितों पर कुठाराघात : जूली

**अलवर ।** नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर जनसुनवाई कर रहे है।

जूली ने शनिवार को लगातार तीसरे दिन अपने कार्यालय पर जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। जूली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राज में आमजन को मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि पानी बिजली की समस्या ने न केवल ग्रामीण बल्कि शहर की जनता को भी खून के आंसू रुला दिए और जिम्मेदार बेपरवाह बने हुए है। उन्होंने कहा कि अलवर की जनता चुने हुए जनप्रतिनिधियो को ढूंढ रही है।उन्होंने कहा कि भाजपा राज में गहलोत सरकार में जनहित की बनाई गई योजनाओं पर कैंची चलाकर जनता



नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने आमजन की समस्याएं सुनी ।

के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि कोंठोस राज में हुई भर्तीयो की नियुक्ति प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में माहौल बनाकर नियुक्ति पत्र देकर कोरी वाहवाही लूटी जा रही है। उन्होंने कहा कि ये हवाबाजी को छोडकर प्रदेश की सरकार जनता को बताए कि पिछले 6 माह से प्रदेश की जनता पर राज कर रही सरकार ने युवाओं के लिए कितने भर्ती विज्ञापन जारी किए है।

## ध्यान साधना के लिए शिविर आयोजित

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम रामसिंहपुरा रोड़ स्थित उपकारागृह में सामाजिक कार्यकर्ता रतनलाल शर्मा के द्वारा शनिवार को ध्यान साधना के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जयपुर से आये विनय शर्मा द्वारा ध्यान साधना का अभ्यास बंदियों को अपराध के समय में उनके मन में उत्पन विकार का कारण, उस कारण का निवारण और अंतत जीवन के बंधन से मुक्त होने का मार्ग सीखने के लिए करवाया गया। इस दौरान महात्मा बुद्ध के द्वारा बताई गई आनापान की साधना का अभ्यास करवाया और जेल के बंधन को कैसे जीवन के बंधन से मुक्त होने में सकारात्मक उपयोग कर सकते है।

## तीन बेटियों का कन्यादान

**अलवर।** नेक कमाई फाउंडेशन और डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट के संयुकत तत्वावधान में आयोजित कन्यादान कार्यक्रम में तीन बेसहारा बेटियों का कन्यादान किया गया। इस दृश्य को देखकर यहां आए लोग भाव-विभोर हो गए।

रिवाज रिसोर्टस में आयोजित कन्यादान समारोह में तीन बेटियों का काफी संखया में आई महिलाएं और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बेटियों के चरण धोए और महिलाओं ने मेहंदी लगाई। इस अवसर पर सामूहिक नृत्य और दिव्यांशी कालरा व वीरा सिंह का एकल नृत्य हुआ। कार्यक्रम के मुखय अतिथि समाजसेवी श्रीकिशन गुप्ता थे जबकि अध्यक्षता एनईबी थाना प्रभारी दिनेश मीणा ने की। विशिष्ट अतिथि सीए

- **कन्यादान के समय उपस्थित लोग भाव-विभोर हो गये**

सुशील बंसल और पुरुषार्थी समिति के जिलाध्यक्ष प्रेम गांधी थे।कार्यक्रम में मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने अतिथियों का स्वागत किया। नेक कमाई के संरक्षक दौलत राम हजरती ने संस्था की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मंच संचालन युवा समाजसेवी सौरभ कालरा ने किया। नेक कमाई की ओर से गुरप्रीत सिंह पवित्र, परमजीत सिंह गोगिया, तारेश जोरवाल, सोनिका अरोड़ा, देवाश्री संस्था की अध्यक्ष शिवानी शर्मा, पायल सैनी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रयास वीरा इंटरनेशनल संस्था की अध्यक्ष लता शर्मा सहित रेणू भायना, देवाश्रय संस्था से शीला, सुनेश चौहान, याशिका अरोड़ा, दिव्यांशी कालरा, , उषा और रजनी सहित गायत्री परिवार से प्रतिभा सिंह ने कन्यादान किया। नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से 2 वर्ष में 215 बेटियों का कन्यादान किया गया है। कार्यक्रम में मुखय अतिथि समाजसेवी श्रीकिशन गुप्ता ने कहा कि नेक कमाई जैसी संस्था सरकार के कल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ा रही है। ऐसे में समाज का यह कर्तव्य है कि इनका सहयोग करें। कार्यक्रम में थाना प्रभारी दिनेश मीणा ने कहा कि अलवर में नेक कमाई फाउंडेशन का यह कन्यादान कार्यक्रम पूरे प्रदेश में जरूरतमंब बेटियों का विवाह समाज के योगदान से करने की अलख जगा रहा है जिससे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

## पल्स पोलियो जागरूकता रैली निकाली

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पवाना अहीर स्थित सेठ मूलचंद प्रभूदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। बच्चों द्वारा जागरूक संदेशों के द्वारा पोलियों के प्रति जागृति पैदा की गई।

प्राचार्य महेश चंद यादव ने बताया कि पोलियो एक बहुत ही खतरनाक बीमारी है। पल्स पोलियो भारत सरकार द्वारा चलाया गया एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य भारत में पोलियोमाइलाइटिस पोलियो को खत्म करना है। इसके लिए 5 वर्ष की उम्र तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। पोलियो एक जानलेवा बीमारी है।

## लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** मेहन्दवास थाना के निवासी नारायणी देवी पतनी भुवाना मीणा ने थाने में एक रिपार्ट दर्ज कर बताया कि 26 जून को दोपहर 2 बजे मैं कुएं पर भैंसो को चराने गई थी, तो अचानक एक अज्ञात लडका आया और मेरे पास आकर पाईप लगाने की बात कहता हुआ मुझे पकड लिया और दोनो हाथो में चांदी के कडों को खोल लिया एवं जबरदस्ती खींचकर खाई में ले जाने की कोशिश कर मेरे साथ मारपीठ कर, चाकू से मारने की धमकी दी। साथ ही मेरे पैरो की कडियां खोलने का प्रयास करने लगे तो एक ट्रेक्टर चालक के दिखने पर वहां से भाग गये।

उक्त घटना की गम्भीरता को देखते हुए थानाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने विशेष टीम का गठन कर जांच शुरू कर कार्यवाही करते हुए दो आरोपी शिवराज पुत्र प्रभु जाति मोग्या उम्र 25 साल निवासी भासु टोडारायसिह व रमेश मोग्या पुत्र छीत्तर उम्र 25 साल निवासी मोग्या की ढाणी पंवालिया थाना मोर जिला केकडी को घटना को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया।

दोनो आरोपी आद्धतन अपराधी व काफी श्शातिर बदमाश किश्म के है, जो पैदल व मोटरसाईकिल सवार से पूर्व में रेकी कर तथा बाद में मौका देखकर वारदात को अन्जाम देते है।

## मेधावी छात्रा दीपिका सम्मानित

**सांभरझील, (निसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल ने एक कार्यक्रम के दौरान ग्राम ईरोलाव (सांभर) की रहने वाली दीपिका कुमावत पुत्री राधेश्याम कुमावत द्वारा दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में 98 अंक हासिल करने पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आदर्श विद्या मंदिर में पढ़ने वाली छात्रा के पिता वर्तमान में साधारण परिवार से हैं, वे एसी रिपेयरिंग का काम करते हैं। बेटी के सी.एम. के हाथों सम्मान मिलने पर परिवार जनों में खुशी व्याप्त है, वहीं क्षेत्र का नाम रोशन होने पर उनके शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दी तथा बच्ची के उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। इसी विद्यालय के प्रधानाचार्य भगवान सहाय कुमावत को भी सम्मानित किया गया।

## श्री भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा

**श्रीमाधोपुर ।** मंदिर श्री गोपीनाथ जी का श्रीमाधोपुर में आयोजित होने वाले श्री श्री भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महा महोत्सव एवं भक्तमाल रस कथा को भव्य एवम सफलतम बनाने की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं । मंदिर महंत मनोहरशरण दास जी ने बताया कि पटवारी परिवार, समस्त भक्तगण मंदिर श्री गोपीनाथ जी एवं इस्कॉन के सहयोग से आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम के तहत 4 जुलाई को शाम 5:15 बजे श्री जगन्नाथ अभिषेक, 5 से 11 जुलाई गुरुवार तक दोपहर 2:30 से शाम 6 बजे तक भक्तमाल कथा, 7 जुलाई को प्रातः 8:15 बजे से रथ यात्रा मंदिर परिक्रमा, 12 जुलाई शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से रथ यात्रा नगर भ्रमण एवं शाम 6 बजे से प्रसाद का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ।

## बैठक आयोजित

**श्रीमाधोपुर।** केमिस्ट एशोसियेशन श्रीमाधोपुर की बैठक यहां सीकर जिला केमिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष संजीव कुमार नेहरा के मुख्य अतिथि एवं सीकर जिला केमिस्ट एसोसिएशन के जनसंपर्क अधिकारी सरदार अर्जुन सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई । मीटिंग में उपस्थित कस्बे के करीब करीब सभी दवा विक्रेताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष नेहरा ने कहा कि नए कानून के तहत शेड्यूल एच - 1, एनआरएक्स की दवाओ की खरीद एवम बिक्री का पूर्ण विवरण रखें साथ ही इसके लिए संधारित रजिस्टर को तारीख वाइस इंद्राज भी करते रहे ।

## पालिका अध्यक्ष के पट्टों के सम्बंध में दिए बयान पर उपाध्यक्ष का पलटवार

**मालपुरा** (निस) पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रशासन शहरों के संग अभियान की आड में नियमों की शिथिलता का दुरूपयोग करते हुये पालिका के निवर्तमान अधिकारी, तकनिकी अधिकारी व शाखा प्रभारियो द्वारा कॉलोनाईजर व कब्जाधारी भूमाफियाओं से सांठ-गांठ कर नियमो के विपरीत जाकर एकल हस्ताक्षर से राजकीय भूमि पर एकल हस्ताक्षर से कोडीयों में जारी किये गये पट्टों को रद्द करने व उनकी सूची उजागर करने के दिये गये बयानों पर शनिवार को पालिका उपाध्यक्ष पवन कुमार मैन्दवास्या ने पलटवार किया ।

प्रदेश मे नई सरकार के गठन होने तथा मंत्री मंडल ने स्वायत शासन विभाग के मंत्री बने झाब्बर मल खर्रा द्वारा पूर्व कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में अभियान के दौरान निमयों के विपरीत जाकर जारी किये गये पट्टो की जांच कर उन्हे रद्द करने व दोषियो के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के दिये गये बयानो व प्रदेश की सभी निकायो को पट्टो की जांच के दिये गये आदेशो के बाद मालपुरा पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी ने बीते दिन मिडिया मे प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये बताया कि प्रशासन शहरो के संग अभियान के दौरान निवर्तमान पालिका के अधिकारी,जेईईन व लिपिक द्वारा मिलीभगत कर नियमो के विपरीत जाकर अपने रिश्तेदारो एवं प्रभावशाली व्यक्तियो के नाम से पालिका कोष को नुकसान पहुंचाने की गरज से पालिका की करोडो रूपयो की राजकीय भूमि का नियमो के विपरीत जाकर एकल हस्ताक्षर से पट्टा जारी किये गये है। ऐसे पट्टो की सुची जल्द जनता के सामने उजागर करूंगी।

अध्यक्ष के बयानो के बाद निवर्तमान पालिका अध्यक्ष व प्रशासन के कार्यकाल मे एकल हस्ताक्षर से पट्टे बनवाने वाले लाभार्थियो मे खलबली मच गई तो कई लोग पालिका कार्यालय मे चक्कर लगाते भी देखे गये। यहां तक की ऐसे पट्टे जारी करवाने वाले पालिका के पार्षद व कर्मचारियो ने सहित उनके सहयोगी की भी नींदे उड गई।

अध्यक्ष के बयानो के बाद उपाध्यक्ष पवन मैन्दवास्या ने मिडिया मे अपने बयान जारी करते हुये कहा कि अध्यक्ष ने मिडिया को बताया कि जल्द एकल पट्टो की बंदरबांट को लेकर वो बडा खुलासा करेगी। मैं उपाध्यक्ष होने के साथ-साथ शहर का नागरिक होने के नाते उनके बयानो का स्वागत करता हूॅ। लेकिन अध्यक्ष ने इस प्रकार के बयान पूर्व मे भी दिये जाने के बावजूद आज तक एक भी पट्टे का खुलासा नही किया । आखिर क्या कारण रहा कि अध्यक्ष ने अब तक किसी दबाव व अन्य कारणो के चलते अपने कदम पीछे खींच लिये। क्या कोई राजनैतिक दबाव है या फिर ऐसी कोई बडी वजह जो पालिका अध्यक्ष को नियमो के विपरीत जाकर जारी किये गये पट्टो के खुलासे से रोक रही है।

## मारपीट मामले में एससी-एसटी की धारा नहीं जोड़ने पर आक्रोश

**अलवर ।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा) अलवर के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश उपाध्यक्ष रईसा के नेतृत्व में दलित पीड़ितों के साथ जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर एनईबी थाने में दर्ज मुकदमा संख्या 200/2024 में अनुसूचित जाति/जनजाति एक्ट की धारा जुड़वाने की मांग की।

ज्ञातव्य है कि 20 एवं 21 मई को एनईबी विस्तार निवासी दलित पीड़ित पत्नी एवं बेटी को आरोपी अशोक आर्य एवं उनकी पत्नी वसुंधरा चौधरी ने घर में घुसकर मारपीट की। घर से घसीट कर बाहर ले गए और बाहर भी पिटाई की। उनके कपड़े फाड़ दिए। जान से मारने की नीयत से उनकी बेटी को पानी के कुंड में लटका दिया। पिटाई से छात्रा की परीक्षा में व्यवधान आ गया। कान की सोने की बाली छीन ली। वसुंधरा चौधरी ने भद्दी भद्दी जाति सूचक गालियां दी जिसकी रिपोर्ट एनईबी थाने में 22 मई को दर्ज हुई। लेकिन थाने वालों ने उक्त एफआईआर में पीड़ितों द्वारा कहने के बावजूद एससी / एसटी एक्ट की धारा नहीं लगाई है। इसकी मांग के लिए जनवादी महिला समिति के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ितों के साथ जिला पुलिस अधीक्षक अलवर को 24 जून को ज्ञापन दिया था। लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जिला पुलिस अधीक्षक अलवर को उक्त मांग के लिए एक और रिमाइंडर दिया ।

## माताओं बहनों के संघर्ष ने कोटपूतली में मिसाल कायम की : कसाना

### जोधपुरा-मोहनपुरा संघर्ष समिति का महापड़ाव जारी

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम जोधपुरा-मोहनपुरा में मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी द्वारा आबादी के निकट अवैध हैवी ब्लास्टिंग व क्रेशर चलाने के विरोध में जोधपुरा-मोहनपुरा संघर्ष समिति द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के गेट नं. 02 पर महापडाव शनिवार को लगातार दूसरे दिन भी बदस्तुर जारी रहा। सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास ने जानकारी देते हुए बताया कि विधायक हंसराज पटेल ने जिला कलक्टर को पत्र लिखा है कि आबादी के नजदीक क्रेशर यूनिट व ब्लास्टिंग को बंद कराया जावे या मोहनपुरा के शेष बचे भाग जोधपुरा का पुनर्वास करवाया जाये। जिसके बाद महापडाव में ग्रामीणो में उत्साह देखने को मिला तथा धरणार्थियों ने विधायक को धन्यवाद दिया। पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना भी कार्यकर्ताओं के साथ महापड़ाव में पहुंचे और ग्रामीणों कि समस्याओं से रूबरू होकर प्रशासन व अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट को जनहित के मुद्दों पर फैलियर बताया। कसाना ने कहा कि ग्राम जोधपुरा की माताओं बहनों के संघर्ष ने कोटपूतली में मिसाल कायम



पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने कोटपूतली में धरनार्थियों को सम्बोधित किया।

की है। पन्ना धाय और लक्ष्मी बाई की तरह आने वाली पीढियां इनको याद करेगी। उन्होंने ग्रामीणों को अपनी ओर से हरसम्भव सहयोग का आश्वासन दिया। रामनिवास यादव ने भी धरने को समर्थन दिया। बनवारी लाल शास्त्री, शिम्भूदयाल योगी, प्रभूदयाल गुरुजी, धरना कमेटी के सचिव कैलाश यादव ने कहा की प्लांट के हर एक गलत काम का विरोध किया जायेगा। इस दौरान पूर्व सरपंच एड. महेश यादव, महिपाल सिंह मास्टर, बबलू सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिला व पुरूष मौजूद रहे।

## अभियुक्त दोष मुक्त

**सांभरझील, (निसं)।** अपर मुख्य एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. ऋचा कौशिक ने 8 लाख रुपए के चेक अनादरण के मामले में एक अभियुक्त को संदेह का लाभ देते हुए दोष मुक्त कर दिया। इस मामले में परिवादी गंगाराम कुडी पुत्र उदाराम कुडी निवासी बंशीपुरा तहसील फुलेरा जिला जयपुर की ओर से न्यायालय में एन.आई. एक्ट के तहत परिवाद पेश कर बताया था कि अभियुक्त रामस्वरूप कुमावत पुत्र पेमाराम कुमावत निवासी कांकड की ढाणी, काजीपुरा तहसील तहसील फुलेरा ने परिवादी के बेटे को गवर्नमेंट लेक्चरर बनाने के लिये आठ रुपए लिए थे। नियुक्ति नहीं होने पर अभियुक्त की ओर से राशि लौटाने के लिए तीन-तीन लाख के दो चेक दिए थे तथा दो लाख रुपए नकद देने की हां भरी थी।

अधिवक्ता अभियुक्त लालचंद कुमावत ने न्यायालय को बताया कि धारा 138 एनआई एक्ट का अपराध तब बनता है जब किसी विधितः प्रवर्तनीय ऋण या अन्य दायित्व के उन्मोचन हेतु चैक जारी किया जाए तथा वह चैक अनादरित हो जाए परन्तु प्रकरण में परिवादी द्वारा अपने पुत्र की नौकरी लगवाने के लिए आठ लाख रूपये अभियुक्त को देना बताया है तथा नौकरी ना लगने पर उक्त राशि के अदायगी पेटे अभियुक्त द्वारा चैक जारी करना बताया है। चूंकि रिश्वत के पैसों के भुगतान का दायित्व विधितः प्रवर्तनीय दायित्व की श्रेणी में नहीं आता है। ऐसे में हस्तगत प्रकरण धारा 138 एनआई एक्ट की परिधि में नहीं आता है।

